तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 9 मई 2026



10 वैदिक धर्म संसार का सबसे प्राचीन धर्म : आचार्य






10 नई पेयजल योजना से समस्याओं का होगा शीघ्र...




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** हांसी रोड पर पेट्राल के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव राजपुरा भैण निवासी सुखबीर कार्यवश पटियाला चौक पर आया हुआ था। कामकाज को निपटा कर बाइक से वह घर वापस लौट रहा था। जब वह हांसी रोड पर पेट्रोल के पास पहुंचा तो तेजरफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें सुखबीर गंभीर रूप घायल हो गया।

### बुजुर्ग की जेब से चालीस हजार ले उड़ा युवक

**जींद।** सफीदों गेट स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से चालीस हजार रुपये निकलवा कर जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति को युवक ने बातों मे उलझा कर राशि को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मिर्चपुर जिला हांसी हाल जोगेंद्र नगर निवासी देवा सिंह ने शिकायत में बताया कि जरूरत पड़ने पर सफीदों गेट स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 40 हजार निकलवा कर बाहर आया था।

### दो साल से फरार चल रहा बाइक चोर पकड़ा

**जींद।** थाना जुलाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में दो साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना जुलाना के प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता लिजवाना कलां निवासी अंकित ने बताया था कि अज्ञात लोगों ने उसकी बाइक नए बस अड्डा से चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में गतौली निवासी विक्की व रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि सतीश फरार चल रहा था। पुलिस ने सूचना के आधार पर सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में मातृ दिवस मनाया

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रातःकालीन बाल सभा में मथुरा एवं द्वारका सदन की ओर से मातृ दिवस और महाराणा प्रताप दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बाल गोपाल ने अपनी कविताओं के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया। सुंदर-.सुंदर नृत्य के माध्यम से भी मां के प्रति अपने.अपने प्रेम को दर्शाया। बच्चों ने अपने वक्तव्य के माध्यम से महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### नाका टटियाना पर चली सघन नाकाबंदी

**कैथल।** जिला पुलिस ने वीरवार रात्रि 11 बजे से प्रातः 4 बजे तक विशेष अंतर-राज्य नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पंजाब-हरियाणा सीमा के टटियाना नाका पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में करीब 70 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, जिसमें डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए टीम का नेतृत्व किया।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला दबोचा

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा एटीएम अभियान के तहत थाना शहर कैथल पुलिस ने एटीएम बदलकर 61 हजार रुपये की ठगी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव नन्दसिंह वाला निवासी रिंकु की शिकायत अनुसार 27 फरवरी को वह अपने निजी कार्य से कैथल शहर आया हुआ था। इसी दौरान उसे पैसों की जरूरत पड़ने पर वह रेलवे गेट से चंदाना गेट के बीच स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचा था।

## शुक्रवार सुबह प्रसव के लिए लाई गई थी, एक साथ दो जच्चाओं की मौत ने खड़े किए सवाल

# नागरिक अस्पताल में दो गर्भवतियों की मौत

### अस्पताल प्रशासन बोला- दोनों गर्भवतियों को बचाने का प्रयास किया

**मृतका के बिसरे को जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को उस समय हडकंप मच गया जब सुबह प्रसव के लिए लाई गई दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतका के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। एक मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। जबकि दूसरी मृतका के मायका पक्ष के लोगों का इंतजार किया जा रहा है। वो हनुमानगढ़ से जींद पहुंचेंगे। उनके आने के बाद ही दूसरी मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। फिलहाल अस्पताल में एकसाथ दो जच्चाओं की मौत ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका के बिसरे को जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया है। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि दोनों ही जच्चाओं को बचाने का



भरपूर प्रयास किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बख्शी मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय असीमा व श्याम नगर निवासी 30 वर्षीय पूजा दोनों ही आठ-आठ माह की गर्भवती थी। शुक्रवार सुबह दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में दोनों की दाखिला प्रक्रिया होने के बाद ट्रीटमेंट शुरू किया गया। कुछ समय के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने परिजनों को बताया कि असीमा व पूजा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत थी। दोनों के परिजनों ने किसी प्रकार के कोई आरोप नहीं लगाए हैं। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस



मृतका आसीमा का फाइल फोटो व शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

#### असीमा आठ माह की गर्भवती थी

बख्शी नगर निवासी नितेश ने बताया कि उसने अपनी पत्नी असीमा को सुबह चार बजे नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया था। उसे पहले एक 11 साल की लड़की है। उसे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या थी। असीमा आठ महीने की गर्भवती थी। उसे सांस लेने में भी दिक्कत थी। सुबह छह बजे उसकी मौत हो गई। असीमा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

#### दोनों महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर था

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि दोनों महिलाओं को अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उनको यहां दाखिल करवाया था। महिला रोग विशेषज्ञों से बातचीत करके मौत के कारणों का पता किया गया है। दोनों ही महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर था। गायनी वार्ड में 24 घंटे चिकित्सक मौजूद रहती हैं।

मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। पुलिस ने असीमा के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। जबकि पूजा के मायका पक्ष के लोगों का इंतजार किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डा. राशि ने बताया कि जब दोनों महिलाओं को अस्पताल में दाखिल करवाया गया तो उस समय अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डा. वंदना व डा. पूजा मौजूद थी। दोनों ने मरीजों को बचाने की काफी कोशिश की। दोनों का ब्लड प्रेशर अधिक था। दोनों ही महिलाओं का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाया।

#### पूजा को पड़ रहे थे दौरे

श्याम नगर निवासी 30 वर्षीय पूजा को ब्लड प्रेशर के साथ-साथ दौरे पड़ रहे थे। रात को एक बजे से उसे दिक्कत थी। सुबह परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे। पूजा के पति बंटी ने बताया कि उसके कोई बच्चा नहीं है। सुबह आठ बजे उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया। साढ़े आठ बजे चिकित्सकों ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया।

#### आसिमा के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि दो महिलाओं की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुसिल ने एक मृतका आसिमा के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी महिला के मायका पक्ष के लोगों का इंतजार किया जा रहा है।

## लात मारने से महिला का गिरा गर्भ, पति सहित तीन नामजद

### मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला के पेट पर लात मार कर गर्भ गिराने तथा घर से निकालने पर सदर थाना सफीदों पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव मुआना निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पेहवा निवासी राजेश के साथ विवाहित है। आरोपित तथा परिजन उसके साथ मारपीट करने के साथ परेशान करते आ रहे है। जिसको लेकर पेहवा थाने में शिकायत दी गई थी। माफी मांगने के बाद समझौता हो गया था। आरोपितों ने भविष्य में परेशान न करने की बात कही थी। फरवरी माह में उसने उसके पति को एक लड़की के साथ आपत्तिजनक हालात में देख लिया था। गत 16 फरवरी को उसके पति व ससुरालीजनों ने कमरे में बंद कर दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई की और जान से मारने की कोशिश की। जिसके बाद आरोपित ने उसे गर्भपात की गोलियां खाने को दी। मना करने पर आरोपित ने उसके पेट पर लातें मारी। जिसके बाद उसका गर्भपात हो गया। मामला फिर से पेहवा थाने में पहुंचा लेकिन कोई कार्रवाही नही हुई। आरोपितों ने उसे तथा उसके बच्चों को घर से निकाल दिया। वापस लौटने पर आरोपित ने बुरा अंजमा भुगतने की धमकी दी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने रेखा की शिकायत पर उसके पति राजेश, देवर सुरेश तथा मुकेश के खिलाफ मारपीट करने, गर्भ गिराने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहित के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### जांच जारी

सदर थाना सफीदो की जांच अधिकारी रीना ने बताया कि महिला ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नपा कर्मचारी संघ हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर जारी हड़ताल शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रही। नपा चीका के पे-रोल सफाई कर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। अध्यक्षता नपा यूनियन इकाई के उपप्रधान तलविंदर सिंह ने की, जबकि मंच संचालन यूनियन उपप्रधान अनिल कुमार ने किया। संबोधित करते तलविंदर सिंह ने कहा कि आंदोलन को तेज करते धरना स्थल पर निकाय मंत्री विपुल गोयल का पुतला खड़ा कर विरोध



प्रदर्शन किया गया। आरोप लगाया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के पालिका, परिषद और निगम कर्मचारी हड़ताल करने को मजबूर हैं। कहा कि नपा कर्मचारी संघ हरियाणा लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को उठाता आ रहा है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही। तलविंदर सिंह ने कहा कि प्रदेशभर में पालिका, परिषद और निगमों में ठेका प्रथा, पार्ट-टाइम, आउटसोर्स और डेली वेजेज पर कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनसे अधिक काम लिया जाता है, जबकि उन्हें बेहद कम वेतन दिया जाता है। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरी सफाई कर्मचारियों को 27 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा आज तक लागू नहीं की गई है। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान पवन शर्मा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान नवाजा राम, यूनियन ब्लॉक प्रधान पिरथी राम, वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी, सागर, सुखविंदर, सरबजीत, शमशेर, रेखा, पिंकी, पल्लो आदि मौजूद रहे।

## नपा कार्यालय पर सफाई कर्मियों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में सफाई कर्मचारियों ने आठवें दिन आंदोलन को तेज करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नगर पालिका कार्यालय भवन पर ताला जड़ दिया। कर्मचारी नेताओं ने खुद भवन के अंदर स्थित प्रत्येक कक्ष एवं गैलरी में जाकर इन्हें खाली करने की सख्त चेतावनी दी। कर्मियों के कड़े रुख को देखते हुए जन प्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारी कमरों से बाहर आ गए। उपरांत सफाई कर्मियों ने भवन के मुख्य द्वार पर ताला जड़ते हुए नारेबाजी की। इस प्रकार के गर्म तेवर शायद हरियाणा प्रदेश की किसी नगर पालिका में पहली बार देखने को मिले हों। इससे पहले जन प्रतिनिधि व अधिकारी अकसर प्रदर्शनकारियों से अपील करते हुए तालाबंदी जैसे निर्णय को टालने में सफल रहते थे। कलायत में प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को मनाने में किसी को सफलता नहीं मिल पाई और उन्होंने तालाबंदी कर दी। प्रदर्शन के दौरान कर्मियों के बच्चे भी नजर आए। सफाई कर्मचारी संगठन प्रधान संजीव कुमार, नवीन कुमार, सोमदत्त, सचिन संजय, बीरो देवी, मनप्रीत, बिमला देवी व अन्य कर्मियों ने कहा कि अभी यदि समय रहते उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यह हड़ताल अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाई जाएगी। इस बीच धरना-प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहेगा। शहर में फैल रही गंदगी और आम जनता को होने वाली परेशानियों के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। मौजूदा सरकार ने अपने शासनकाल में एक भी सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया। कांग्रेस सरकार के समय बनाई गई कर्मचारी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अब हट चुकी है।




**कलायत।** नगर पालिका कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी।



भागल-भूंसला सड़क निर्माण में कथित अनियमितता को लेकर पुतला जलाते।

### सड़क निर्माण में अनियमितताओं पर जताया विरोध

**गुहला-चीका।** गुहला हलके के गांव भागल और भूंसला के बीच बन रही सड़क के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा और सड़क मिट्टी के ऊपर ही बनाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना था कि निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा मैटेरियल भी गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। उनका आरोप है कि सड़क की परत हाथों से ही आसानी से उखड़ रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर गुहला के विधायक देवेंद्र हंस मौके पर पहुंचे। विधायक ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, लेकिन वहां न तो ठेकेदार मौजूद मिला और न ही संबंधित विभाग का कोई अधिकारी। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब दो घंटे तक इंतजार करने के बावजूद कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

## कैथल: 4380 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटैक्टिव यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते आरोपी को 4380 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित काबु किया गया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने स्पेशल डिटैक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम गश्त के दौरान जींद रोड कैथल पर मौजूद थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव सांघन निवासी बिन्टु काफी समय से प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार करता है तथा नशेड़ी



युवकों को सप्लाई देकर समाज में नशे को बढ़ावा दे रहा है। जो आज वह अपनी मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली गोलियां लेकर सिरसा ब्रांच नहर पटरी के रास्ते गांव चंदाना की तरफ किसी ग्राहक को सप्लाई देने जाएगा। जिसे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर गांव चंदाना की तरफ नाकाबंदी की। कुछ देर बाद जींद रोड कैथल की तरफ से एक युवक काले रंग की बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते युवक को बाइक सहित रोककर काबू कर लिया। युवक की पहचान गांव सांघन निवासी बिन्टु के रूप में हुई। मोटरसाइकिल की टंकी पर एक काले रंग का पोलिथीन बैग रखा हुआ था। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंची ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ कैथल कंचन पांडे के समक्ष नियमानुसार कार्रवाई की।

## जीएसटी एवं एक्साइज विभाग के एईटीओ पर धोखाधड़ी का मुकदमा

- जब्त किए ट्राले से गायब हुआ साढ़े तीन लाख रुपये का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी पद का दुरूपयोग कर हांसी रोड कारोबारी के गोदाम में जबरन घुसना जीएसटी एवं एक्साइज विभाग के एईटीओ मंहगा पड़ गया। कारोबारी की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने एईटीओ के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। कारोबारी इंद्र लूथरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका हांसी रोड पर सोयाबीन पशु फीड का गोदाम है। पांच जून 2025 को ट्राला सोयाबीन फीड लेकर पहुंचा था। उसी दौरान जीएसटी एवं एक्साइज विभाग के एईटीओ राकेश गुप्ता बिना सूचना के गोदाम पर पहुंच गए और माल के दस्तावेज मांगे। जो उन्हें दिखा दिए गए। उस दौरान वहां पर उसका बेटा मौजूद था। जिसने उसके बारे में कुछ समय इंतजार करने के लिए कहा। जिस पर एईटीओ ने उसके बेटे को धक्का मारा, स्टाफ को धमकाया तथा उसके बेटे को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कराने की धमकी दी। जिसके बाद राकेश गुप्ता माल समेत ट्राले को कब्जे में लेकर अपने साथ ले गए।

### सेक्टर 9 सहित आसपास की कई कॉलोनियों के करीब दस हजार लोगों को होगा फायदा

# सेक्टर 9 में 33 केवी बिजली सब स्टेशन का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर 9 तथा आसपास रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। बिजली निगम को सेक्टर नौ में 33 केवी बिजली सब स्टेशन का निर्माण करने की मुख्यालय से मंजूरी मिल गई है। सब स्टेशन बनने से सेक्टर 9 सहित आसपास की कई कॉलोनियों के करीब दस हजार लोगों को बेहतर बिजली सुविधा मिल सकेगी। नए सब स्टेशन की क्षमता 33 केवी होगी। सेक्टर में नए सब स्टेशन के लिए निगम मुख्यालय से भी मंजूरी मिल चुकी है। सब स्टेशन का कार्य शुरू करने के लिए निगम अधिकारियों को अब जमीन मिलने का इंतजार है। एचएसवीपी ने अब तक निगम को सब स्टेशन के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करवाई है। नए सब स्टेशन के साथ सेक्टर 9, सेक्टर 11, हैबतपुर गांव और आसपास की कॉलोनियों को जोड़ा जाएगा। नया सब स्टेशन बनने के बाद शहर व गांवों के सात हजार उपभोक्ताओं को फायदा होगा। उपभोक्ताओं को अघोषित कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा। लंबे समय से क्षेत्र के लोग लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती की समस्या से परेशान थे। अब नए सब स्टेशन के बनने से बिजली व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने से ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या भी बढ़ जाती है। नए 33 केवी सब स्टेशन के शुरू होने के बाद लोड का बंटवारा हो सकेगा और बिजली आपूर्ति अधिक सुचारु हो जाएगी।




एआई जेनरेटेड

#### मुख्यालय से भी मिल चुकी मंजूरी

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि एचएसवीपी से जमीन मिलने के बाद सब.स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। सेक्टर 9 में सब.स्टेशन स्थापित किया जाना है। इसके लिए मुख्यालय से भी मंजूरी मिल चुकी है।

#### सब स्टेशन में रखे जाएंगे दो ट्रांसफार्मर

निगम अधिकारियों के अनुसार नए तैयार होने वाले सब स्टेशन में दो मुख्य ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे। ट्रांसफार्मरों की क्षमता 10-10 एमवीए की होगी। सब स्टेशन के साथ जोड़े जाने वाले एरिया के हिसाब से ट्रांसफार्मरों की क्षमता पर्याप्त रहेगी। नए सब स्टेशन के साथ सेक्टर 9, सेक्टर 11, हैबतपुर गांव और आसपास की कॉलोनियों को जोड़ा जाएगा। नया सब स्टेशन बनने के बाद शहर व गांवों के सात हजार उपभोक्ताओं को फायदा होगा।




**जींद।** प्लेसमेंट ड्राइव के दूसरे चरण में इंटरव्यू लेते अधिकारी।

### प्लेसमेंट ड्राइव के दूसरे चरण में विद्यार्थियों के इंटरव्यू

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद के गाइडेंस ब्यूरो एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में प्लेसमेंट ड्राइव के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। इस चरण में ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल हुए 11 विद्यार्थियों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से इंटरव्यू लिया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईसीआईसीआई बैंक की विजिटिंग टीम ने भाग लिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस इंटरव्यू प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी योग्यता, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बैंक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का विभिन्न चरणों में इंटरव्यू लिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ दिए। इंटरव्यू के दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं एवं रोजगार अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### योग में थुआ की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**जींद।** डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल जींद में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड योग प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ वर्ग में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय खेल नर्सरी थुआ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें सायना प्रथम, खुशी द्वितीय एवं मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस अवसर पर टीम इंचार्ज डीपीई करण सिंह एवं नर्सरी कोच काजल ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों को मार्गदर्शन व प्रोत्साहित किया।

### बहबलपुर में धन्ना भगत जयंती उत्सव कल

**जींद।** गांव बहबलपुर में 10 मई को हरियाणा कला परिषद् व कलाकार संस्था के संयुक्त तत्वावधान में धन्ना भगत जयंती उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सदस्य प्रवीण लाठर ने बताया कि धन्ना भगत जयंती का आयोजन सर्व समाज में संत महापुरूषों का संदेश देने तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक व देश भक्ति से ओत.प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा के जाने-माने लोक कलाकारों व उनकी पूरी टीम की तरफ से प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### जिले को मिले नए पीजी और यूजी कोर्स

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पिछले साल जून माह में विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाई गई मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के लिए जींद जिले के कॉलेजों में नए कोर्स शुरू करने एवं सीटों में वृद्धि के निर्णय के बाद विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। राजकीय महाविद्यालय में एबीवीपी इकाई अध्यक्ष राजकुमार ने पिछले साल मांग उठाई थी कि जींद जिले में विद्यार्थियों के लिए बीएससी फिजिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषय की पढ़ाई शुरू की जाए।

### जिले में 8.28 लाख एमटी गेहूं की खरीद

**जींद।** जिले की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। गत दिवस तक जिले में कुल आठ लाख 28 हजार 742 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। वहीं खरीदे गए गेहूं में से छह लाख 10 हजार 882 एमटी गेहूं का उठान किया जा चुका है, जो कुल खरीद का 73.71% है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गेहूं खरीद व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### झगड़े मे छह घायल चार पर मामला दर्ज

**जींद।** मीट मार्केट में शादी के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए जिसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मीट मार्केट निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम का उनकी झुग्गी मे रह रही लड़की की शादी थी। वह बारात को खाना खिला रहा था। जब वह झुग्गी से बाहर आया तो पड़ोसी अरूण, कर्ण तथा परिवार के लोग वहां पर आ गए और उस पर पंच से हमला कर दिया।

### हिंदू कन्या कॉलेज में नटराज उत्सव 17 को

**जींद।** सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा जिले का सबसे बड़ा सोलो डांस कॉम्पिटिशन नटराज उत्सव रविवार 17 मई को हिंदू कन्या कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सृष्टि प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ साल से नीचे, 8-12, 12-16, 16-24, 24 वर्ष से ऊपर तथा कोरियोग्राफर, डांस गुरु श्रेणियों में प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। सृष्टि संयोजक डा. विवेक सिंगला व प्रधान सुनील गोयल ने जानकारी दी।

## रामनगर में तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह शुरू

# वैदिक धर्म संसार का सबसे प्राचीन धर्म : आचार्य वरुण

### वेद के बताए मार्ग पर चलने से ही मनुष्य का कल्याण

**शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन**


**जींद।** प्रवचन करते वैदिक विद्वान आचार्य वरुण देव। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

वैदिक विद्वान आचार्य वरुण देव ने कहा कि वैदिक धर्म संसार का सबसे प्राचीन धर्म है । यह पूर्णतया तर्क और विज्ञान पर आधारित है। वास्तव में यही सनातन धर्म है। वे आर्य समाज रामनगर में आयोजित तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के पहले दिन उपस्थित श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैदिक धर्म को सृष्टि का आदि एवं प्रथम धर्म बताते हुए कहा कि वैदिक धर्म सृष्टि के प्रारंभ में परमात्मा द्वारा चार ऋषियों को वेदों का ज्ञान देने के साथ ही आरंभ हुआ था। वेदों का ज्ञान पूर्णतया तर्क पर आधारित है और विज्ञान के विरुद्ध नही हैं। वेदों की सभी मान्यताओं का ज्ञान और विज्ञान से पोषण होता है। वेदों की सभी मान्यताएं व सिद्धांत तर्क और युक्तियां से सत्य सिद्ध किया जा सकते हैं। वेद के बताए मार्ग पर चलने से ही मनुष्य का कल्याण होता है। वैदिक धर्म के पालन से मनुष्य अंधविश्वासों, पाखंडों मिथ्या सामाजिक परंपराओं, भेदभाव और दूसरे पर अन्याय व अत्याचार से बचता है। कहा कि वेद और वैदिक धर्म के पालन में सभी मनुष्य को लाभ ही लाभ होते हैं। इसलिए हमें अपने हित व कल्याण के लिए वेदों की शरण में ही आना चाहिए। इससे पूर्व सहारनपुर से पधारे आर्य जगत के भजनोपदेशक पंडित प्रताप आर्य वैदिक ने अपने मधुर भजनों से सभी को लाभांवित किया। भजनों के माध्यम से ईश्वर के सही स्वरूप को सभी लोगों को के सम्मुख रखा। उन्होंने कहा कि ईश्वर न कभी जन्म लेता है और न कभी मरता है, वह अजर, अविनाशी, दयालु तथा न्यायकारी है। वह ही इस सृष्टि को उत्पन्न करता है। हमें ईश्वर की ही स्तुति प्रार्थना तथा उपासना करनी चाहिए। यदि हम संसार के दुखों एवं कष्टों से बचना चाहते हैं तो हमें ईश्वर का संग करना चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ आचार्य वरुण देव के ब्रह्मत्व में हुए वैदिक यज्ञ से हुआ। आर्य समाज रामनगर के प्रधान कंवर साहेब आर्य एवं उपमंत्री यज्ञवीर आर्य सपत्नीक यजमान बने। शुक्रवार से प्रारंभ हुआ यह वैदिक सत्संग समारोह रविवार रात्रि कालीन सभा तक चलेगा। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं आर्य समाज के उपमंत्री यज्ञवीर आर्य ने किया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आर्य समाज रामनगर के संरक्षक कर्ण सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण आर्य, मंत्री अजीत कुमार आर्य, आर्य समाज रेलवे रोड के प्रधान पृथ्वी सिंह मोर, मंत्री विजयपाल आर्य, डा. रणवीर राठी, कृष्ण कुमार आर्य, वेद प्रकाश पांचाल, दिलबाग आर्य, कपूर सिंह गोसाईखेड़ा, महिमा आर्या, राजकली आर्या, सुमन मान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मृदा स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

■ संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा द्वारा गांव शामदो में किसानों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, मिट्टी की उर्वरता बना, रखने तथा फसलों में उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र के जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की आत्मा योजना से मेजर सिंह, एटीएम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डा. धीरज पंघाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती उत्पादन लागत और मिट्टी की घटती उर्वरता को देखते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। बताया कि किसान अक्सर बिना मिट्टी जांच के आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर देते हैं। जिससे मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा उत्पादन लागत भी बढ़ती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे समय-समय पर अपनी मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं और उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करें। डा. पंघाल ने मृदा स्वास्थ्य सुधारने के लिए हरी खाद, जैविक खादों एवं फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है तथा मिट्टी की जल धारण क्षमता और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को दलहनी फसलों को फसल चक्र में शामिल करने की भी सलाह दी। जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। उन्होंने किसानों को उर्वरक प्रबंधन के चार सिद्धांत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


**नरवाना।** बैठक में दिशा-निर्देश देते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### नरवाना शहर सुंदर, सुरक्षित और विकसित बनें : बेदी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना शहर सुंदर, सुरक्षित और विकसित बनें। इसके लिए वे निरन्तर प्रयासरत्त है। नरवाना शहर के सम्पूर्ण विकास के लिए विकास कार्यों का रोडमैप तैयार किया जा चुका है। भविष्य में सभी विकास परियोजनाओं के पूरा होने पर शहर तरक्की का नया सफर तय करेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में बुलाई विभागीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एडीसी एवं जिला नगरायुक्त प्रदीप कुमार, ईओ नगर परिषद रविन्द्र कोहाड़, नगर परिषद सचिव संदीप, उप चेयरमैन नगर परिषद शशीकांत शर्मा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में नगर परिषद के अन्तर्गत आने वाले शहर के मंजूर विकास कार्यों का सिलसिलेवार रिव्यू किया और अधिकारियों को इनमें गति लाने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पिछले दिनों हाउस की बैठक में शहर के विकास कार्यों के लिए आगामी वित वर्ष के लिए नगर परिषद के 46 करोड़ छह लाख रुपये का सालाना बजट पास किया गया था।

### दो हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती का क्लस्टर विकसित होगा : डा. सुरेंद्र सिंह

**जींद।** हमेटी जींद में प्राकृतिक खेती के मुख्य प्रचारक सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हमेटी के निदेशक डा. सुरेंद्र सिंह यादव ने प्रतिभागी किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डा. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती के विस्तार एवं प्रचार प्रसार में सीआरपी किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी लिए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि कुरुक्षेत्र में दो हजार एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती का क्लस्टर विकसित किया जाएगा। जिससे किसानों को बेहतर आय एवं टिकाऊ कृषि पद्धति अपनाने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीआरपी किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।

### कांग्रेस का बायोमेट्रिक वाला मुद्दा भी फेलः संदीप

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि गेहूं के सीजन में बायोमेट्रिक से किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। मंडियों में सीएम नायब सिंह सैनी, सभी मंत्री, विधायक दौरों पर रहे तो किसान खरीद व्यवस्था से खुश नजर आए। दो से तीन मिनट में गेहूं खरीद की सभी प्रक्रिया पूरी कर किसान खेत, घर पहुंच रहा था। कांग्रेस को जरूर परेशानी हुई है क्योंकि कांग्रेस का ये मुद्दा भी फ्लॉप हो गया। आज कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा पर मतदाताओं ने विश्वास जताया है। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में चहल ने कहा कि कांग्रेस नेता जो सदभाव यात्रा निकाल रहे है उसका सद्भाव से कोई लेना-देना नहीं है। ये स्वार्थ की यात्रा है। खुद कांग्रेस के विधायक खुले मंच से कहते है कि भाजपा में मलाई खाने के बाद अब वो कांग्रेस में पैदल यात्रा निकाल राहुल गांधी हरियाणा के बनने चाहते है।


**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता संदीप चहल।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### सुप्रीम स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्राचार्य नवीन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनके त्याग एवं प्रेम का सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपनी माताओं का आदर करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### डेंगू से बचाव के लिए घरों में हो साफ-सफाई

**जींद।** उप सिविल सर्जन मलेरिया के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगूरां पीएचसी के अधीन विभिन्न गांवों में रेपिड फीवर मास सर्वे चलाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लोगों को डेंगू से बचने की अच्छी दवाई, घरों में हो साफ-सफाई नामक स्लोगनों से जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि जिसका उद्धेश्य डेंगू, मलेरिया बुखार के बारे में जागरूकता बढाना है तथा इसके प्रसार को रोकना है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, घरों, कालेजों, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डेंगू, मलेरिया बुखार के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दे रही है। स्वास्थ्य कर्मचारी व आशा वर्कर घर-घर जाकर लोगों के होदी-कूलर टंकी, फ्रीज की ट्रे, टायर, पक्षियों को पानी पिलाने वाले कटोरे, गमलों आदि में डेंगू की लारवा की जांच कर रहे हैं।


नगूरां में लोगों को पंपलेट बांटकर जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में इशिका ने मारी बाजी

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस ईकाई द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मालिक की अध्यक्षता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानव सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता व रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुकांत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सचिन ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए यूथ रेडक्रॉस इकाई के प्रयासों की सराहना की। यह कार्यक्रम यूथ रेडक्रॉस काउंसलर अमन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।


**जींद।** मीटिंग की अध्यक्षता करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### शिकायतों का शीघ्र निपटान के दिए निर्देश

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित एवं प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनके निपटान की प्रगति की समीक्षा की। इससे पहले वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एसीएस जे अनुपमा ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को समाधान प्रकोष्ठ से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विशेष रूप से सेवा विभाग से संबंधित शिकायतों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ देने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्य रूप से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अविवाहित पेंशन से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करते जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

# भावपूर्ण नृत्य से मां के त्याग और प्रेम को अभिव्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में मदर्स डे के अवसर पर भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में विशेष समारोह में माताओं के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियां तथा पूल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मानए प्रेम और कृतज्ञता प्रकट करना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का दिल जीत लिया। किसी ने मां की ममता को दर्शाने वाला गीत प्रस्तुत किया तो किसी ने भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से मां के त्याग और प्रेम को अभिव्यक्त किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार एवं प्रशासक वीपी शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि मां केवल परिवार की नींव ही नहीं होती बल्कि वह बच्चे की पहली गुरु भी होती है। उन्होंने कहा कि एक मां अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव त्याग करती है और बच्चों के जीवन में संस्कारों का बीजारोपण करती है। उन्होंने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते कहा कि विद्यालय के छात्र व छात्राएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।


**जींद।** शहर में जगह-जगह बने इस प्रकार के डिवाइडर बिना सुरक्षा इंतजामों के हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। फोटो :हरिभूमि

# शहर में डिवाइडर बन रहे जानलेवा सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर बने दर्जनों डिवाइडर इन दिनों वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। डिवाइडर से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इन डिवाइडरों पर पर्याप्त चेतावनी संकेतक, रेडियम पट्टियां और रिफ्लेक्टर नहीं होने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। खासकर रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के दौरान वाहन चालकों को डिवाइडर समय पर दिखाई नहीं देते जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। अग्रवाल समाज के प्रधान एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल का कहना है कि सुरक्षा इंतजाम नहीं होने की वजह से कई बार बाइक सवार, कार चालक व अन्य वाहन अचानक डिवाइडर से टकरा जाते हैं। कुछ हादसों में लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन का इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा जिसके चलते लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। गोयल ने इस गंभीर समस्या को उठाते प्रशासन से मांग की है कि शहर के मुख्य मार्गों पर बने सभी डिवाइडरों के आसपास जल्द से जल्द बड़े चेतावनी साइन बोर्ड, रेडियम पट्टियां और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं ताकि वाहन चालकों को दूर से ही डिवाइडर की जानकारी मिल सके और हादसों को रोका जा सके। गोयल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। कहा कि जींद शहर में दिनभर भारी वाहनों सहित हजारों वाहन गुजरते है ऐसे में सड़क पर सुरक्षा संकेतकों का होना बेहद जरूरी है। प्रशासन से मांग करते कहा कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर जल्द आवश्यक कदम उठाए है।

**रोहतक रोड पर भी बने हादसों का कारण**

शहर के रोहतक रोड पर बने कई डिवाइडर भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। सड़क पर चेतावनी संकेतक, रेडियम पट्टियां और रिफ्लेक्टर न होने के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। खासकर रात के समय वाहन चालकों को डिवाइडर दिखाई नहीं देते जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। गोयल ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी डिवाइडरों पर जल्द सुरक्षा संकेतक और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं ताकि हादसों को रोका जा सके।

## सफीदों के सरपंचों ने जलापूर्ति के प्रबंधन व रखरखाव की नई नीति में दिखाई रूचि : रणधीर मताना

# नई पेयजल योजना से समस्याओं का होगा शीघ्र समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


**जींद।** बैठक में भाग लेते सफीदों खंड के सरपंच व अन्य। फोटो :हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति के रखरखाव व प्रबंधन के लिए बनाई गई नई नीति 2026 को लागू करवाने के लिए सफीदों के रैस्ट हाउस में ब्लाक के सभी सरपंच व पंचायत सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सरपंचों ने नई नीति में रूचि दिखाई। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने नई पॉलिसी के बारे में बताया। जबकि उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा ने विभाग की योजनाओं व कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता सागर, जसवीर सिंह, खंड समन्वयक बलवान सिंह व सुरेंद्र दुग्गल सहित विभिन्न गांव के सरपंच व ग्राम सचिव उपस्थित रहे। रणधीर मताना ने कहा कि विभाग की नई नीति से पेयजल आपूर्ति के कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी बढेगी। इस योजना से ग्राम पंचायत को एडवांस में राशि मिलने से लिकेज व बिजली उपकरण से संबंधित सभी कार्यो का शीघ्र समाधान हो सकेगा। पेयजल आपूर्ति में मोटर इत्यादि बिजली उपकरण खराब होन पर उन्हे ठीक करवाने में काफी समय लग जाता था लेकिन अब पंचायत के पास राशि उपलब्ध होने से यह कार्य अति शीघ्र किया जा सकेगा। इस योजना में ग्राम पंचायत को जो सहायता मिलेगी, उनमें रखरखाव व प्रबंधन के लिए निर्धारित राशि, स्वयं सहायता समूह की महिला द्वारा गांव में एकत्रित किए गए पेयजल बिल की राशि, विभाग द्वारा दी जानी वाली राशि, 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली राशि व धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली अनुधान की राशि शामिल है।

**जल संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया**

इस मौके पर उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा ने विभाग की योजनाओं व कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नई नीति के ग्राम सभा में सहमति जरूरी है। इसके बाद ही सांझा घोषणा पत्र पर तीनों पक्षों के साइन होने पर यह नीति लागू होगी। इसके लिए ग्राम पंचायत का इंडियन बैक में खाता भी खोला जाएगा। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता सागर, जसवीर सिंह, खंड समन्वयक बलवान सिंह व सुरेंद्र दुग्गल ने संयुक्त रूप से सरपंचों को जल जीवन मिशन व जल संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस टीम को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**कैथल।** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बहादुरी का परिचय देकर मुठभेड़ दौरान आरोपी को काबू करने में सराहनीय कार्य के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम में शामिल स्टाफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एएसआई शिशपाल, एएसआई राममेहर, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई करनैल व अन्य टीम सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस टीम द्वारा 3 मई की रात गांव फरल क्षेत्र से आरोपी मटौर निवासी संदीप को पुलिस मुठभेड़ उपरांत काबु किया गया था, उक्त आरोपी थाना शहर क्षेत्र में एक युवक पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित था। पुलिस टीम के महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित किया।

### सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक कल

**कैथल।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसाइटी कैथल की मई माह की बैठक प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में 10मई रविवार को प्रातः 11बजे गीता भवन मंदिर के प्रांगण में स्थित सीनियर सिटीजन वैलफेयर के सभागार में आयोजित होगी। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि इस बैठक में उज्जीवन स्माल फाइनैंस बैंक के शाखा प्रबन्धक अमृतपाल सिंह अपने बैंक सहकर्मियों के साथ वरिष्ठ नागरिकों को बचत योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी देंगे।

## समारोह का डिजिटल माध्यमों से लाइव प्रसारण किया

# नन्हें सितारों ने सुरमयी प्रस्तुतियों से मां की ममता को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक अत्यंत भावुक और गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा पवित्र दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन और विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया। समारोह की खास बात यह रही कि इसे डिजिटल माध्यमों पर लाइव प्रसारित किया गया, जिसे देश-विदेश में बैठे अभिभावकों और शुभचिंतकों ने भी देखा। नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से मां के प्रति अगाध प्रेम व्यक्त किया। इसमें एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने मुझे इस दुनिया में लाया, पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने तेरी उंगली पकड़ के चला और तीसरी-चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने दरिया से बड़ा तेरा दिल है मेरी माँ जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं पांचवीं कक्षा के बच्चों ने ममता के मंदिर की है तू सबसे प्यारी मूरत और छठी से नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने ऐसी होती है माँ व मेरे लिए मेरा रब मेरी माँ गीतों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों को भाव-विभोर कर दिया।

जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला और कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने समस्त अभिभावकों, विद्यार्थियों व अध्यापक वर्ग को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल ने भावुक शब्दों में कहा कि माँ बच्चे की सबसे पहली और श्रेष्ठ मार्गदर्शक होती है।


**कैथल।** मातृ दिवस पर नौनिहालों को सम्मानित करते पदाधिकारी।


**राजौंद।** मातृ दिवस कार्यक्रम के दौरान एस.डी.एम. स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## एसडीएम स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया

**राजौंद।** एसडीएम स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को सम्मान देना रहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा माताओं के सम्मान में कविता पाठ, गीत, नृत्य और धन्यवाद पत्र वाचन किया गया। साथ ही "माँः जीवन की पहली गुरु" विषय पर एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। बच्चों ने इस खास मौके पर अपनी माताओं के लिए सुंदर और आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भी तैयार किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने कहा, "मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरा संसार है। उनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। यह दिन हमें अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है, न कि केवल एक दिन, बल्कि हर दिन। वहीं स्कूल के डायरेक्टर जयपाल शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान, प्रेम और आभार प्रकट करने का विशेष अवसर है।

## आदर्श स्कूल जाखौली में संस्कारों से भरपूर मदर्स डे का आयोजन

**राजौंद।** गांव जाखौली स्थित आदर्श स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भावनात्मक एवं संस्कारों से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर विद्यार्थियों के उत्साह, श्रद्धा और प्रेम से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां के सम्मान में कविता, भाषण, गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के त्याग, प्रेम, ममता और संघर्ष को बेहद सुंदर एवं भावुक अंदाज में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित सभी लोग भाव-विभोर हो उठे।



### मदर्स डे पर करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**कैथल।** मदर्स डे के मौके पर डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स और स्टाफ ने बड़े प्यार और जोश के साथ यह दिन मनाया। माताओं के प्रति आभार और सम्मान दिखाने के लिए स्पीच, कविताएं, कार्ड-मेकिंग और कल्चरल परफॉर्मेंस जैसी कई एक्टिविटीज़ ऑर्गनाइज़ की गईं। प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स की कोशिशों की तारीफ़ की और समाज का भविष्य बनाने में माताओं की अहमियत पर ज़ोर दिया। स्टूडेंट्स ने दिल से मैसेज शेयर किए और अपनी माताओं को उनके बिना शर्त प्यार, देखभाल और त्याग के लिए धन्यवाद दिया।



### मदर्स डे पर महिलाओं को बांटे प्रमाण पत्र

**पूंडरी।** बरसाना में एक किरण उम्मीद की संस्था द्वारा संचालित सिलाई सेंटर में मदर्स डे के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, सम्मान और प्रेरणा से भरपूर रहा। संस्था अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि मां केवल परिवार को संभालने वाली शक्ति नहीं होती, बल्कि समाज को संस्कार, शिक्षा और नई दिशा देने वाली सबसे महत्वपूर्ण प्रेरणा होती है। एक सशक्त मां ही मजबूत परिवार और बेहतर समाज का निर्माण करती है, इसलिए महिलाओं का शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### मातृ दिवस हर्षोल्लास एवं बड़े धूमधाम से मनाया गया

**कैथल।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावनात्मक एवं उत्सवमय बना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने मातृ गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कुछ छात्र-छात्राओं ने गीत एवं कविता के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित माताएं भावुक हो उठीं तथा तालियों की गूंज से पूरा सभागार गूंज उठा।

## सिल्वर ऑक इंटरनेशनल स्कूल कैथल में विद्यार्थी परिषद पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सिल्वर ऑक इंटरनेशनल स्कूल कैथल के प्रांगण में विद्यार्थी परिषद के लिए चयनित विद्यार्थियों हेतु पदभार ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का वातावरण अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण रहा। समारोह की समस्त व्यवस्थाएँ माननीय प्रिंसिपल रेणु अनेजा के मार्गदर्शन एवं देख-रेख में संपन्न हुईं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ पालन करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का नेता होगा, इसलिए नींव आज से ही संस्कारपूर्ण एवं नैतिकता के मूल्यों से परिपूर्ण होनी चाहिए। स्कूल निदेशिका ईवा मेहता ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों को उनके पदों के अनुरूप बैज एवं पदवियाँ प्रदान की गईं। हेड बॉय, हेड गर्ल, कप्तान, उपकप्तान तथा विभिन्न हाउस कप्तानों को सम्मानित किया गया। जिनमें सोमेश सिंह (हेड बॉय), जयंतिका (हेड गर्ल) बनी। जयंत लिटरेरी कप्तान, नवदीप कल्चरल कप्तान, शिवेन स्पोर्ट्स कप्तान एवं निष्ठा डिसिप्लिन कप्तान के रूप में चयनित हुए।


**कैथल।** कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं स्कूल गान के साथ किया गया।

### आरकेएसडी कॉलेज में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में यूथ रेडक्रॉस और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम सर जीन हेनरी डुनेंट की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस गीत एवं सर जीन हेनरी डुनेंट की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

वाई.आर.सी. संयोजक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने अतिथियों, स्टाफ सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का स्वागत किया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. श्री ओम ने कहा कि स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता रेडक्रॉस के प्रमुख आदर्श हैं। डॉ. अनुकृति ने विद्यार्थियों को देशहित में वाई.आर.सी. स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुरेन्द्र सिंह आर्य ने प्रकृति, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और संवेदनशीलता के संस्कार विकसित करता है। प्राचार्य प्रभारी सांध्यकालीन सत्र डॉ. हरिन्द्र गुप्ता ने स्वयंसेवकों को बधाई दी।


**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाते पदाधिकारी।

## शिवलिंग के स्थापना दिवस पर श्री सनातन धर्म मंदिर में हुआ भव्य महाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर में शिवलिंग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ महाभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का दुग्ध, दही, घी, शहद, गंगाजल एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से विधिवत अभिषेक कर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। आचार्य महेश शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान शिवलिंग की स्थापना को 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और महाभिषेक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर मंदिर में महादेव का अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं भगवान भोलेनाथ अवश्य पूर्ण करते हैं। महाभिषेक एवं पूजा-अर्चना का कार्य आचार्य महेश शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ।


**सीवन।** श्री सनातन धर्म मंदिर में महाभिषेक में भाग लेते श्रद्धालु।


**गुहला चीका।** धरने पर बैठे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

### अग्निशमन विभाग कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**गुहला-चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा जारी हड़ताल वीरवार को 31वें दिन भी जारी रही। चीका और सीवन के फायर कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। आज के धरने की अध्यक्षता यूनियन प्रधान अमर सिंह ने की, जबकि मंच संचालन फायरमैन मलकीयत सिंह ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि अग्निशमन विभाग कर्मचारियों की हड़ताल को एक महीना पूरा हो चुका है, लेकिन हरियाणा सरकार अब तक कर्मचारियों की जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। कहा कि यदि सरकार ने 17 सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फायरमैन विजय सिंह ने कहा कि विभागीय मंत्री विपुल गोयल ने 9 अप्रैल को कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि एक महीने के भीतर उनकी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल दिखाई दी।

## अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

- ऐतिहासिक एवं महाभारत कालीन कैथल की धरोहर नवग्रह कुण्डों पर ध्यान दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल का एक प्रतिनिधि मण्डल ऐतिहासिक एवं महाभारत कालीन नवग्रह कुण्डो के रख-रखाव व सौदर्यकरण के लिए कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड कुरूक्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज कुमार, एचसीएस से मिले। इस अवसर पर महासंघ के चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने संघ के अन्य पदाधिकारियों पवन कुमार राष्ट्रीय महासचिव, राजेष सिंगला राज्य अध्यक्ष, रविन्द्रअग्रवाल, राघव चोपडा, सुरेन्द्र अरोडा, जय किषन अत्री संरक्षक सहित मुख्य कार्यकारी अधिकारी से निवेदन किया है कि नवग्रह कुण्ड सारे भारत में केवल कैथल में ही पाए जाते है। इन कुण्डों को महाभारत युद्ध के बाद महाराजा युधिष्टिर (पांडव) ने युद्ध में मारे गए सभी सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए स्थापना की थी। इन नवग्रह कुण्डो में से केवल पंच कुण्ड सूरज कुण्ड, बुध कुण्ड, यनि कुण्ड, बृहस्पति कुण्ड एवं युक्र कुण्ड ही शेष बचे है। जिनकी स्थिति अच्छी नही है। जहां कभी पुराने जमाने में भगतगण स्नान किया करते थे, मेले लगा करते थे वहां अब इन कुण्डो पर स्नान तो दूर की बात है हाथ भी धो नही सकते।


**कैथल।** एसपी को ज्ञापन सौपते अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल के पदाधिकारी।

### जताया आभार

उन्होने आगे बताया कि हमारा संधर्ष ऐसे ही जारी रहेगा। इसके लिए चाहे हमें धरना देना पडे, अनषन करना पडे, कुछ भी करना पडे हम कैथल के विकास के लिए तैयार है। इस अवसर पर सभी ने सीईओ साहब का धन्यवाद किया। उन्होने विष्वास दिलाया कि यह ज्ञापन कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड कुरूक्षेत्र की आगामी मीटिंग में रखेगे ताकि कार्य को प्रगति मिल सके।


**सीवन।** स्पोर्ट्स अकादमी में खिलाड़ियों के साथ गज्जन सिंह गोबिंदपुरा।

### गज्जन सिंह का खेल अकेडमी में किया स्वागत

**सीवन।** सीवन स्पोर्ट्स अकादमी में खिलाड़ियों के अभ्यास सत्र के दौरान उस समय उत्साह का माहौल बन गया जब सरपंच एसोसिएशन कैथल के पूर्व जिलाध्यक्ष गज्जन सिंह गोबिंदपुरा अचानक अकादमी पहुंचे। अकादमी में पहुंचने पर खिलाड़ियों और कोचों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को अभ्यास करते हुए देखा और उनकी मेहनत, अनुशासन व खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। खिलाड़ियों ने अभ्यास से संबंधित विभिन्न जरूरतों और खेल सामग्री की कमी के बारे में अवगत कराया। इस पर गोबिंदपुरा ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को बैडमिंटन किट उपलब्ध करवाने का भी वादा किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और संस्कारी बनाते हैं।

## अन्नप्राशन दिवस पर माताओं को दिया बच्चों के पोषण का संदेश

# छह माह बाद पूरक आहार शुरू करना जरूरी : सुपरवाइजर

*बच्चों के सही पोषण एवं देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

ब्लॉक सीवन के गांव रसूलपुर में पोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर अंजलि ने की। इस अवसर पर अन्नप्राशन दिवस मनाते हुए महिलाओं और गर्भवती माताओं को बच्चों के सही पोषण एवं देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सुपरवाइजर अंजलि ने कहा कि जन्म से लेकर छह माह तक शिशु के लिए केवल मां का दूध ही सर्वोत्तम आहार होता है। छह माह पूरे होने के बाद बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पूरक आहार शुरू करना बेहद जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि बच्चों को बाजार की वस्तुओं के बजाय घर में तैयार किया गया हल्का, ताजा और पौष्टिक भोजन देना चाहिए।


**सीवन।** महिलाओं को बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी देती सुपरवाइजर अंजलि।

### महिलाओं को साफ-सफाई और संतुलित आहार के बारे में भी जागरूक किया

बच्चों के खानपान में दाल, खिचड़ी, दलिया, हरी सब्जियां, फल और दूध जैसे पौष्टिक तत्व शामिल करने चाहिए ताकि बच्चे कुपोषण से दूर रहें और उनका विकास सही तरीके से हो सके। अंजलि ने महिलाओं को साफ-सफाई और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। बैठक के दौरान महिलाओं को बताया गया कि बच्चों का नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र में वजन और लंबाई की जांच करवाना जरूरी है, ताकि उनके विकास की निगरानी की जा सके और समय रहते किसी भी समस्या का समाधान किया जा सके। आंगनबाड़ी वर्कर सरोज बाला और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी महिलाओं को पोषण अभियान से जुड़ी योजनाओं और बच्चों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बच्चों के खानपान और स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे, जिनका कार्यकर्ताओं द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया। इस अवसर पर जीतो देवी, चंद किरण, वीना, शबनम, सिमरनजीत, प्रदीप, सरबजीत, प्रीति, कमला, सुमन, पूजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## पारदर्शिता के साथ चल रही हैं परीक्षाएं

- कुलगुरु प्रो. अनायत ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल की सत्रीय परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और कड़ाई के साथ आयोजित की जा रही हैं। परीक्षाओं के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्रकुमार अनायत ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने परीक्षा हॉल में जाकर परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, प्रश्न-पत्रों के वितरण और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा की गरिमा और शुचिता बनाए रखने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन हो। विश्वविद्यालय की सत्रीय परीक्षाएं 4 मई से शुरू हो चुकी हैं, जो आगामी 27 मई तक चलेंगी। नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने और निगरानी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया गया है। साथ ही, केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है।भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पेयजल और उचित वातावरण भी सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव और शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजय कुमार गोयल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला, वित्ताधिकारी कृष्ण कुमार और जनसंपर्क अधिकारी डॉ गोविन्द वल्लभ उपस्थित रहे।


**कैथल।** कुलगुरु प्रो. अनायत परीक्षा केंद्र का दौरान करते हुए।

## खबर संक्षेप

### टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान की

**जींद।** नागरिक अस्पताल टीबी के रोगियों को सहायाता प्रदान की गई। डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया के नेतृत्व में समाजसेवी दंपत्ति मा. सूरजभान अलेवा व राजपति ने टीबी रोगियों के अस्पताल द्वारा निर्धारित खाद्य पदार्थों की सूची के अनुसार राशन भेंट किया गया।डा. कटारिया ने दंपत्ति को सम्मानित किया और कहा कि उनके द्वारा की जा रही समाजसेवा की प्रंशसनीय है।

### ई-रिक्शा एजेंसी से चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** ई-रिक्शा एजेंसी का गेट तोड़कर नकदी चोरी करने वाले आरोपी को काबू कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की ओम शांति नगर कैथल निवासी कुलदीप की शिकायत अनुसार वह करनाल रोड फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल में धीमान ई-राइड नाम से ई-रिक्शा एजेंसी चलाता है। 6 मई की रात एजेंसी का गेट तोड़कर 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली गई। पुलिस ने मामले में आरोपी बालाजी कॉलोनी कैथल निवासी राजकमल को गिरफ्तार कर लिया है।

### महर्षि कश्यप जयंती 24 मई को मनाई जाएगी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि 24 मई को विस्तार अनाज मंडी कैथल में महर्षि कश्यप जी की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी तैयारियां अभी से शुरू कर दें।

### चाणक्य इंटरनेशनल में हाउस कैप्टन की घोषणा

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य रितु देवी द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया। हैड गर्ल जसमीत, हैड बॉय नीतिश को बैज लगाकर नाम की घोषणा की। कर्मा हाऊस, कोनकर हाऊस, विजडम हाऊस, डेस्टिनी हाऊस में भी कैप्टन, वाइस कैप्टन की घोषणा की। प्रधानाचार्य ने बताया कि हैड गर्ल, हैड बॉय स्कूल में प्रत्येक गतिविधि, अनुशासन सहित हर क्षेत्र में सहयोग करते है।

### कैथल के वार्ड 27 पहुंचा चलता-फिरता अस्पताल

**कैथल।** कैथल विधानसभा के विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा वार्ड नंबर 27, प्रताप गेट पहुंचकर अपने 'चलता-फिरता अस्पताल' के माध्यम से क्षेत्रवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस निःशुल्क मेडिकल शिविर में डॉ. अमनदीप चहल, डॉ. रविन्द्र और डॉ. आरती सहित चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जांच की।

### सिलेंडर में लगी आग पर पाया काबू

**पाई।** गांव पाई में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। इसी दौरान एडवोकेट दिलबाग पाई ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस रिसाव के कारण सिलेंडर ने आग पकड़ ली थी।

### किसानों की अनदेखी कर रही है सरकार

**राजौंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुंडू ने भाजपा पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों की बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। कुंडू ने बताया कि उन्होंने स्वयं 13 अप्रैल को किठाना अनाज मंडी में अपनी गेहूं की फसल बेची थी, लेकिन करीब 25 दिन बीत जाने के बावजूद भुगतान नहीं मिला है।

### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्टाफ प्रशिक्षण

**जींद।** हिन्दू कन्या महाविद्यालय की मेंटल हेल्थ एंड सेफगार्ड कमेटी द्वारा एक दिवसीय स्टाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण एवं गैर शिक्षण स्टाफ को विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाली मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया।

---

### दाखिले के लिए पूछताछ करने महाविद्यालयों में पहुंच रहे विद्यार्थी

# स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड द्वारा अभी तक 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित नही किया गया है। बावजूद इसके उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी और निजी महाविद्यालयों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए सहित अन्य स्नातक कक्षाओं में दाखिलों के आवेदन के लिए एडमिशन पोर्टल को ओपन कर दिया गया है। विद्यार्थी 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये है। यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो वो एक जून तक कर सकते हैं। दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 9 मई से 16 जून तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरुरत नही है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन ही फर्मं संशोधन करना होगा। इसके बाद योग्य विद्यार्थियों की सूची आठ जून को जारी की जाएगी।

**विद्यार्थी 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर कर सकते हैं दाखिला आवेदन**



जींद। राजकीय महाविद्यालय जींद, जहां दाखिले के लिए मारामारी रहती है।

**1** दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 9 मई से 16 जून तक होगी।

**2** आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन ही संशोधन करना होगा

#### न्यो योर रिजल्ट से पता लगेगा किस कॉलेज में हुआ दाखिला

विद्यार्थियों को एडमिशन पोर्टल पर नो योर रिजल्ट पर पता लग जाएगा कि दाखिला किस कॉलेज के किस कोर्स में हुआ है। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वे फीस जमा कर सकते हैं। सरकारी महाविद्यालयों की फीस ऑनलाइन जमा होगी जबकि प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में ली जा सकती है।

#### ओपन काउंसलिंग 24 जून से होगी शुरू

राजकीय महाविद्यालय की नोडल ऑफिसर सुमन ने बताया कि पोर्टल अच्छे से चल रहा है और एक-दो बच्चों के ट्रायल आधार पर रजिस्ट्रेशन भी किए हैं। हालांकि अभी बच्चे रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। बावजूद इसके बच्चों को रिजल्ट अवेटिड कह कर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिलों के बाद रिक्त सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 24 जून से शुरू होगी। इसके बाद नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 25 जून से दोबारा खोला जाएगा तथा 26 जून से दो जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद तीन से 10 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त फीस देनी होगी।

#### विद्यार्थी एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय सावधानी बरतें

*राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर विद्यार्थी एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय सावधानी बरतें। विद्यार्थी अपना सही नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं। केवल यही बाद में बदले नही जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद व्यक्तिगत विवरण, शिक्षा, वेटेज, दस्तावेज, कॉलेज और कोर्स को भरें। इसके लिए अपने फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी, सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आरक्षण का लाभ लेने के लिए उस केटेगरी के जरूरी प्रमाण पत्र अपने साथ तैयार रखें।*

#### 11 जून को आएगी पहली मेरिट लिस्ट

उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 10 जून को जारी होगी ताकि कोई आपत्ति हो उसे दूर कर दिया जाए। पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जून को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा वे 12 जून से 15 जून तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जून को जारी होगी। जबकि दूसरी फाइनल लिस्ट 17 जून को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा वे 18 जून से 22 जून तक फीस भर सकेंगे।



कैथल। दाखिले को लेकर विचार-विमर्श करते स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## आरकेएसडी कॉलेज में नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

- विद्यार्थियों के लिए आईटी कंप्यूटर सेल स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल खोल दिए जाने के बाद आरकेएसडी कॉलेज, कैथल में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार फिलहाल वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जो पिछले वर्ष किसी कारणवश दाखिला लेने से वंचित रह गए थे। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विशेष आई.टी. कंप्यूटर सेल स्थापित किया है, जहां ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज़ अपलोड, पंजीकरण तथा तकनीकी सहायता संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त कॉलेज परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी ताकि विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि आर.के.एस.डी. कॉलेज विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का आह्वान किया तथा कहा कि कॉलेज में पारदर्शी एवं मेरिट आधारित प्रवेश प्रक्रिया अपनाई जाएगी। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि आर.के.एस.डी. कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का अग्रणी संस्थान है और यहां विद्यार्थियों को शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

**यूं रहेगा सीटों का ब्यौरा**

| | |
|---|---|
| बी.ए. | 560 सीटें |
| बी.ए. सांध्यकालीन | 380 सीटें |
| बी.कॉम (एडेड) | 240 सीटें |
| बी.कॉम (सेल्फ फाइनेंस) | 220 सीटें |
| बी.एससी. नॉन मेडिकल | 260 सीटें |
| बी.एससी. मेडिकल | 80 सीटें |
| बीबीए (सेल्फ फाइनेंस) | 70 सीटें |
| बीसीए (सेल्फ फाइनेंस) | 70 सीटें |
| बीवोक (सेल्फ फाइनेंस) | 30 सीटें |
| बी.कॉम ऑनर्स | 60 सीटें |
| बी.कॉम टैक्स | 60 सीटें |
| बी.कॉम इंश्योरेंस | 60 सीटें |

---

## नर्सिंग मानवता की सेवा का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सुरेंद्र कुमार मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग वीक सेलीब्रेशन का का तृतीय दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन आधुनिक नर्सिंग की जननी फलोरेंस नाइटेंगल की स्मृति एवं नर्सिंग सेवा के महत्व को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पास द पार्सल गेम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों में स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं नर्सिंग सेवा से संबंधित संदेश प्रस्तुत किए गए। भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने नर्सिंग पेशे की गरिमा, मानव सेवा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राजेश, सोनू, सोनिका सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नपा कर्मचारियों की हड़ताल 11 तक

**सीवन।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका सीवन के कर्मचारियों ने 8वें दिन भी हड़ताल करके नगर पालिका गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सन्तोष रानी ने की संचालन ब्लॉक सचिव राज कुमार ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार, ब्लॉक सचिव स्वराज सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढोत्तरी नहीं की।

## प्रबंध समिति चुनाव पर रोक से इनकार

- निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही कराया जाएगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

एसडी हाई स्कूल मैनेजिंग कमेटी के चुनावों को लेकर चल रहे विवाद में हरियाणा रजिस्ट्रार जनरल आफ सोसायटीज ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने ने इंकार कर दिया। शुक्रवार को जारी पत्र में उन्होंने कहा कि चुनाव अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न होंगे। हालांकि चुनाव परिणाम अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। राजीव कुमार गोयल द्वारा स्टेट रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज के पांच मई 2026 के आदेश को चुनौती दी गई थी। पूर्व आदेश में चुनाव कार्यक्रम को निरस्त करते हुए प्रशासक सहरिटर्निंग अधिकारी को नई चुनाव अधिसूचना जारी करने और सदस्यों को नामांकन के लिए पर्याप्त समय देने के निर्देश दिए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान रजिस्ट्रार जनरल ने सोसायटी के रिकार्डए उपविधियों तथा हरियाणा पंजीकरण एवं सोसायटी विनियमन अधिनियमए 2012 के प्रावधानों का अवलोकन किया। आदेश में उल्लेख किया गया कि एसडी हाई स्कूल मैनेजिंग कमेटी 1962 से पंजीकृत संस्था है। रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष प्रस्तुत रिकार्ड में बताया गया कि 25 मार्च 2026 को चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था। अपीलकर्ताओं में से एक ने अध्यक्ष पद और दूसरे ने सचिव पद के लिए स्वयं नामांकन दाखिल किया था। इसी आधार पर रजिस्ट्रार जनरल ने माना कि अपीलकर्ताओं को पूर्णत पीड़ित पक्ष नहीं माना जा सकता।

#### प्रकाशित हो चुकी हैं सूचनाएं

इसके तहत राजेश गोयत को रिटर्निंग अधिकारी तथा संदीप लाठर और देवराज मलिक को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव कार्यक्रम के संबंध में समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचनाएं भी प्रकाशित की गई थी। आदेश में यह भी दर्ज किया गया कि 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 के बीच विभिन्न पदों के लिए कुल 22 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

---



### गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद में खो-खो प्रतियोगिता

**राजौंद।** गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद में शुक्रवार को छात्राओं के खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक की छात्राओं ने भाग लियाा। प्रतियोगिता में छात्राओं को चार हाउस -अल्बर्ट, स्टीफन, गैलीलियो और आइजैक में विभाजित किया गया। पहला मुकाबला आइजैक हाउस और अल्बर्ट हाउस के बीच खेला गया, जिसमें कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंततः आइजैक हाउस ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मुकाबला स्टीफन हाउस और गैलीलियो हाउस के बीच हुआ। इस मैच में गैलीलियो हाउस विजयी रही। फाइनल मुकाबला आइजैक हाउस और गैलीलियो हाउस के बीच खेला गया। आइजैक हाउस ने अपनी मजबूत रणनीति और बेहतर प्रदर्शन के दम पर गैलीलियो हाउस को हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम की छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी जितेंद्र सिंह एवं प्रिंसिपल शिव कुमार ने विजेता छात्राओं को बधाई दी।

## पशुओं के लिए मिली वैक्सीन की 445995 डोज

- 11 मई से चलाया जाएगा विशेष टीकाकरण अभियान
- एफएमडी पशुओं में तेजी से फैलने वाली बीमारी : डा. सूर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जींद जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुधन को संक्रामक एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 11 मई से खुर पका मुंह पका रोग (एफएमडी) एवं गलघोटू रोग (एचएस) के विरुद्ध विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान लगभग एक माह तक जिले के सभी गांवों, ढाणियों एवं पशुपालन क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं को रोगों से बचा कर पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से सुरक्षित रखना तथा जिले में स्वस्थ एवं उत्पादक पशुधन का विकास सुनिश्चित करना है। जिला जींद के लिए एफएमडी एवं एचएस संयुक्त टीकाकरण अभियान के तहत कुल चार लाख 45 हजार 995 वैक्सीन डोज भेजी गई हैं ताकि जिले के सभी पात्र पशुओं का व्यापक स्तर पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस विशेष अभियान के तहत चार माह से अधिक आयु के सभी गाय एवं भैंसों का निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

#### टीकाकरण में भागीदारी निभाएं पशुपालक : डीसी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के सभी पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे एफएमडी एवं एचएस संयुक्त टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण करवाकर उन्हें गंभीर संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखें। जिला में पशुपालन किसानों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है। दुग्ध उत्पादन, पशुपालन आधारित आय तथा कृषि के साथ जुड़े सहायक व्यवसायों में पशुधन की अहम भूमिका है। स्वस्थ पशु न केवल अधिक दूध उत्पादन करते हैं बल्कि उनकी कार्यक्षमता एवं प्रजनन क्षमता भी बेहतर रहती है। जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि होती है। यही कारण है कि पशुधन का स्वास्थ्य संरक्षणए किसान कल्याण एवं ग्रामीण समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के अंतर्गत टीकाकरण से पूर्व पशुपालकों के पशुओं का पंजीकरण आधार आधारित ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। जिससे टीकाकरण का रिकॉर्ड पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से किया जा सके।



जींद। नगर परिषद अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो: हरिभूमि

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : डॉ. अनुराधा सैनी

- हर युवा को रक्तदान अवश्य करना चाहिए : मनीषा जागलान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर युवा विकास समिति जींद के द्वारा सैनी धर्मशाला बत्तख चौक जींद में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी व नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर मनीषा जागलान रही। नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। रक्त की एक बूंद बीमार व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान करने वालों के साथ उनकी दुआएं रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है।

#### रक्त का विकल्प नहीं

नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर मनीषा जागलान ने कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिला के रक्तकोष में रक्त की कमी नहीं रहने दें। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष व जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में सभी युवा बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने रक्तदान किया है। महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान किया है और कहा है कि हमारी समिति इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर शीला सैनी, विजय गोरायण, ओमप्रकाश चौहान, प्रवीण सैनी आदि मौजूद रहे।

---

### भाषण, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# निपुण मिशन के तहत 423 प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिले के सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में आज निपुण मिशन के अंतर्गत चल रहे क्लास रेडिनेस कार्यक्रम के तहत विश्व रेडक्रॉस दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि क्लास रेडिनेस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सीखने का एक नया और रचनात्मक माहौल मिल रहा है। इस कार्यक्रम में बच्चे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहते बल्कि विभिन्न गतिविधियों के जरिए स्वयं करके सीखते हैं। यह पद्धति बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। राजेश वशिष्ठ ने आगे बताया कि जिले भर में क्लास रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने रेडक्रॉस के उद्देश्यों और मानवता की सेवा के महत्व को समझा। बच्चों ने रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट को याद करते हुए उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। हेनरी ड्यूनेंट ने मानवता की सेवा और समाज कल्याण के उद्देश्य से रेडक्रॉस की स्थापना की थी। उनका जीवन दर्शन लोगों की भलाई और सेवा भाव पर आधारित था। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों में समाज सेवा की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005